राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2549

08 अगस्त, 2018 को उत्तर के लिए

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया में भ्रष्टाचार

2549. श्री धीरज प्रसाद साहू:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और उसकी अनुषंगी कंपनी बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) में गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान भ्रष्टाचार/अनियमितताओं के कितने मामले सामने आए;

(ख) जाँच अभिकरणों द्वारा जिन अधिकारियों के विरुद्ध आरोप दर्ज किए गए, उनके ब्यौरे क्या हैं;

(ग) कितने मामलों में व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र तय किए गए/वे दोषी पाए गए;

(घ) दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(ङ) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया से भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): विगत तीन वर्षों में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) विजिलेंस में प्राप्त शिकायतों की संख्या (बोकारो इस्पात संयत्र समेत) नीचे दी गई है:-

वर्ष	प्राप्त शिकायतों की संख्या
2015	921
2016	835
2017	757

(ख): विगत तीन वर्षों के दौरान सीबीआई द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ पंजीकृत की गई प्राथमिक जाँच (पीई)/नियमित मामलों (आरसी) के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:-

वर्ष	सीबीआई द्वारा पंजीकृत पीई/आरसी मामलों की संख्या
2015	5
2016	10
2017	7

इसके अतिरिक्त, सीबीआई से प्राप्त अनुरोध के आधार पर वर्ष 2015-17 की अवधि के दौरान सेल के 19 कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा चलाए जाने के लिए सेल प्राधिकारियों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी।

(ग): सेल विजिलेंस द्वारा की गई जाँच-पड़ताल के आधार पर सेल के 39 और 95 कर्मचारियों के खिलाफ क्रमशः बड़ी और छोटी शास्ति के लिए आरोप पत्र तय किए गए। इन 134 आरोपित कर्मचारियों में से 123 मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी कर ली गई है और 2 कर्मचारियों को दोषमुक्त किया गया है।

(घ): वर्ष 2015-17 के दौरान सेल विजिलेंस द्वारा कराई गई जाँच के आधार पर बड़ी और छोटी शास्ति की कार्रवाई सेल के क्रमशः 43 और 102 कर्मचारियों के खिलाफ पूरी कर ली गई है। इनमें कुछ वे मामले भी शामिल हैं जिनमें आरोप पत्र वर्ष 2015 से पूर्व जारी किए गए थे। दोषमुक्त किए गए 3 कर्मचारियों को छोड़कर सेल के उपरोक्त कर्मचारियों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई कर ली गई थी।

(ङ): सेल विजिलेंस अपनी दंडात्मक सतर्कता की भूमिका के अतिरिक्त सेल में होने वाले भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कई बचावकारी सतर्कता के उपाय करता है:-

- विभिन्न क्षेत्रों में फाईलों का औचक निरीक्षण/जाँच।
- आवश्यकता के आधार पर मामला-दर-मामला बचावकारी और प्रशासनिक सिफारिश करना।
- गहन जाँच करना और प्रणाली सुधार परियोजनाएं।
- प्रशिक्षण और जागरुकता कार्यक्रम संचालित करना।
- सेल विजिलेंस पत्रिका का आवधिक प्रकाशन और विद्यमान प्रणाली एवं पद्धतियों को आधुनिक बनाना।
- संवेदनशील क्षेत्रों में जॉब रोटेशन और सत्यनिष्ठा समझौते का क्रियान्वयन।
- संदेहास्पद सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची और एक सम्मत सूची तैयार करना।
- ई-निविदा और ई-भुगतान इत्यादि के लिए प्रौद्योगिकी को आधुनिक बनाना।

*****